# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–PR ................./2026

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा (प्रारंभिक), 2027 का द्वितीय Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर ऑनलाइन जारी करने तथा त्रुटि सुधार के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा (प्रारंभिक), 2027 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी, उनके अभिभावक, संबंधित विद्यालय प्रधान एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट **https://biharsimultala.com** पर दिनांक **16.09.2026** से **22.09.2026** तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।

2. द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र (Second Dummy Admit Card) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि एवं फोटो आदि) हो तो छात्र–छात्रा/अभिभावक समिति के उक्त वेबसाइट पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से निर्धारित अवधि में त्रुटि का सुधार कर सकते हैं।

3 **उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि सुधार करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।**

15/9/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के0वि0..820......./2026 पटना, दिनांक : ..15../..09../2026

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Punjab को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्यवाई हेतु प्रेषित
3. ई.डी.पी., आई0टी0(विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।
6. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/9/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

15/9/2026

Scanned with CamScanner